आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 03.04.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पच्चीस पारित– इसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में अधिक पारदर्शिता और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देना है।
- वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में सरकारी ई–मार्केटप्लेस के माध्यम से दस लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला।
- भारत सरकार की मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत, अण्डमान निकोबार प्रशासन वन स्टॉप सेंटर योजना लागू करेगा।
- प्रशासन का उद्योग विभाग द्वीपसमूह के छात्रो को हस्तशिल्प में निःशुल्क व्यवसायिक प्रशिक्षण देगा।

<><><><><><><>

लोकसभा ने वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पच्चीस पारित कर दिया है। लोकसभा में दो सौ अट्ठासी सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में जबकि दो सौ बत्तीस सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार पच्चीस का उद्देश्य विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के साथ ही वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन सुव्यवस्थित करना है। इसका उद्देश्य संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाना, वक्फ बोर्डों और स्थानीय अधिकारियों के बीच समन्वय कायम करना और संबंधित पक्षों के अधिकारों की रक्षा करना है। विधेयक में मुस्लिम महिलाओं, विशेष रूप से विधवाओं और तलाकशुदा महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार का भी प्रयोजन है। विधेयक पर चर्चा का उत्तर देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि यह धारणा गलत है कि गैर–मुस्लिम वक्फ बोर्ड के कामकाज में हस्तक्षेप करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत अल्पसंख्यकों के लिए सबसे सुरक्षित देश है।

इससे पहले दिन में विधेयक पेश करते हुए श्री रिजीजू ने कहा कि इसका मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से कोई लेना–देना नहीं है और यह केवल वक्फ बोर्ड से संबंधित संपत्तियों से संबंधित है। उन्होंने कहा कि सरकार वक्फ बोर्ड को समावेशी और धर्मनिरपेक्ष बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि इसका उददेश्य किसी की सम्पत्ति को जब्त करना नहीं है।

सदन ने मुसलमान वक्फ विधेयक, दो हजार चौबीस को भी मंजूरी दे दी, जो मुसलमान वक्फ अधिनियम उन्नीस सौ तेइस को निरस्त करता है।

<><><><><><><>

वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में डिजिटल खरीद प्लेटफॉर्म, गवर्नमेंट ई–मार्केट प्लेस – जीईएम के माध्यम से दस लाख से अधिक लोगों को काम पर रखा गया। जीईएम की उपलब्धि पर मुख्य कार्यकारी निदेशक अजय भादू ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म ने डिजिटल क्षमताओं का दोहन किया है और यह प्रशासन के विभिन्न स्तरों पर सरकारी खरीदारों द्वारा आवश्यक सभी संभावित सेवाओं के लिए वन–स्टॉप–शॉप के रूप में उभरा है।

<><><><><><><>

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि लोकतंत्र बहस से नहीं बल्कि रचनात्मक बातचीत के जरिए नागरिकों का दिल जीतने से पनपता है। डॉ. मांडविया ने नई दिल्ली में दो दिवसीय विकसित भारत युवा संसद महोत्सव–दो हजार पच्चीस के राष्ट्रीय चरण का उद्घाटन किया। डॉ० मांडविया ने युवा प्रतिभागियों को उनके पेशे की परवाह किए बिना राष्ट्र प्रथम की  भावना अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत युवा संसद भविष्य के नेताओं का पोषण करता है, जिससे युवा व्यक्ति सार्थक चर्चाओं में शामिल हो सकते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि देश की युवा भारत को विकसित देश बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

<><><><><><><>

भारत सरकार की मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत, अण्डमान निकोबार प्रशासन वन स्टॉप सेंटर योजना को लागू कर रहा है। यह योजना निजी और सार्वजनिक दोनों जगहों पर संकट के दौरान हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एकीकृत समर्थन और सहायता प्रदान करेगी। वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के खिलाफ किसी भी प्रकार की हिंसा से लड़ने के लिए चिकित्सा, कानूनी, न्यूनतम पांच दिनों का अस्थायी आश्रय, पुलिस सहायता, मनोवैज्ञानिक और परामर्श सहायता सहित कई प्रकार की सेवाएं प्रदान करने का काम करेगी। वर्तमान में द्वीपसमूह में तीन वन स्टॉप सेंटर उपलब्ध हैं, जो जंगलीघाट, मायाबंदर और निकोबार के परका मुख्यालय में काम कर रहे हैं। महिलाएं दक्षिण अंडमान के वन स्टॉप सेंटर के फोन 03192–234221 पर संपर्क कर सकती हैं।

<><><><><><><>

दूरसंचार विभाग ने अनाधिकृत प्रचार और अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए करीब एक लाख पचहत्तर हज़ार लैंडलाइन फोन नंबर काट दिए हैं। संचार मंत्रालय ने कहा है कि 0731, 079, और 080 और अन्य नंबरों से कई स्पैम कॉल किए जा रहे थे। मंत्रालय ने कहा कि दूरसंचार विभाग ने इन नंबरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए क्राउड–सोर्स्ड डेटा का इस्तेमाल किया। दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से इस तरह की गतिविधियां रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई करने को कहा है।

<><><><><><><>

उद्योग विभाग की ओर से कक्षा नौंवी से बारहवीं तक के सभी स्कूली छात्रों के लिए पन्द्रह दिवसीय निशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में नारियल के खोल, लकड़ी, बेंत और बांस शिल्प के माध्यम से हस्तशिल्प पर जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण एक से पन्द्रह मई तक चलेगा। इच्छुक छात्र पंजीकरण के लिए मिडिल प्वाइंट स्थित उद्योग परिसर में अपना आवेदन इक्कीस अप्रैल तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रदर्शनी मैदान में चल रहे पुस्तक मेले में आज एन सी सी एल द्वारा पहली से पांचवीं कक्षा के लिए सुबह दस बजे से संगीत और पहेलियों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा कक्षा छठी से आठवीं तक के लिए चित्रण कार्यशाला और नौंवी से बारहवीं कक्षा के लिए कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

मालवाहक जहाज एमवी चुगलम कल सुबह आठ बजे हैडो या चाथम जेट्टी से कैम्पबेल बे के लिए रवाना होगा। यह जहाज कैंपबेल बे में माल उतारने के बाद श्री विजयपुरम के लिए रवाना होगा। उपरोक्त नौकायन के लिए माल की बुकिंग आज सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे के बीच की जा सकती है।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

पुस्तक मेले के दूसरे दिन भी साहित्य का आनन्द लेने के लिए पाठक, छात्र और परिवार लोगों की भारी भीड़ उमड़ने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। द्वीप समाचार ने भी इस खबर को प्रमुखता दी है। इसके अलावा अखबार ने एग्रीस्टैक पहल के तहत मास्टर प्रशिक्षकों के लिए डिजिटल सर्वेक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। समग्र क्षेत्रीय केन्द्र, ब्रुक्शाबाद में निशुल्क कृत्रिम अंग शिविर आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया में जगह मिली है।

अण्डमान निकोबार यातायात पुलिस द्वारा यातायात उल्लंघनों पर नकेल कसने के समाचार को इको ऑफ इंडिया ने प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित किया है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत सरकारी योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी में जगह मिली है।

<><><><><><><>